तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 27. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 12 जून 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

कोल इंडिया के निदेशक ने दीपका खदान का किया निरीक्षण
2



## खबर संक्षेप

### उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु पात्र विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग ने बताया कि योजना के तहत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु जो छात्र, छात्राएं छग का मूल निवासी हो एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो (समक्ष प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारी हो), तथा कक्षा 5वीं में छग में संचालित किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में नियमित अध्ययनरत (सत्र 2025-26 में) हो तथा कक्षा 4थीं. की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो, पालक की वार्षिक आय समस्त स्त्रोतों से 2.50 लाख से अधिक न हो (निर्धारित प्रपत्र में पालक का स्वघोषणा पत्र) एवं ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालय में ही अध्ययनरत विद्यार्थी 20 जून तक अपने विद्यालय में समय शाम 5.00 बजे तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा कर सकते हैं। नगर पालिका तथा नगर निगम क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी योजना को लाभ लेने हेतु पात्र नहीं होगें। आवेदन पत्र के साथ पालकों की सहमति/आयकर दाता न होने का प्रमाण पत्र, संस्था से ग्रामीण अंचल में होने का प्रमाण पत्र संबंधी जानकारी, जाति प्रमाण पत्र, अंकसूची की छायाप्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है।

### प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**जांजगीर-चांपा।** अगामी मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव और राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ व अतिवृष्टि की स्थिति पर सतत निगरानी रखने तथा सूचना के आदान-प्रदान हेतु जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कलेक्टर कार्यालय के संवाद कक्ष में की गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी बाढ़ राहत शाखा देवेन्द्र कुमार चौधरी को नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के तहत जिले के ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपने स्वयं के जीवन को जोखिम में डालते हुए उसकी निस्वार्थ सेवा या प्रतिकूल प्राकृतिक या मानव निर्मित परिस्थितियों के खिलाफ उत्कृष्ट साहस का कार्य, असाधारण कार्य, सामाजिक सेवा. पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, किया हो पीएमआरबीपी 2026 के लिए आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया है।

### उपाध्यक्ष के चेम्बर की घटना, दोनों पक्षों ने की शिकायत

# जनपद बना अखाड़ा, उपअभियंता से मारपीट, थाने पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

सक्ती जिले के जनपद पंचायत जैजैपुर में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब विकास कार्यों के मूल्यांकन को लेकर शुरू हुई चर्चा देखते ही देखते विवाद और फिर कथित मारपीट में बदल गई। घटना जनपद पंचायत उपाध्यक्ष के चेंबर की बताई जा रही है, जहां उप अभियंता को चर्चा के लिए बुलाया गया था। मामले के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंच गए और एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार जनपद क्षेत्र की कुछ पंचायतों में कराए गए निर्माण कार्यों के मूल्यांकन को लेकर लंबे समय से असंतोष की स्थिति बनी हुई थी। इसी संबंध में उप अभियंता शरद देवांगन को जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सीताराम ने अपने चेंबर में बुलवाया था। बैठक में कुछ सरपंच और जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। चर्चा के दौरान पंचायतों द्वारा कराए गए कार्यों के कथित रूप से कम मूल्यांकन का मुद्दा उठाया गया, जिस पर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ ही देर में माहौल गर्म हो गया और




विवाद गाली-गलौज तक पहुंच गया। आरोप है कि इसके बाद हाथापाई की नौबत आ गई। घटना से जनपद कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारियों व अन्य लोगों की भीड़ जुट गई।घटना के बाद पीड़ित उप अभियंता शरद देवांगन सीधे थाना जैजैपुर पहुंचे और अपने साथ मारपीट तथा अभद्र व्यवहार किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं दूसरी ओर उपाध्यक्ष के साथ मौजूद जनप्रतिनिधियों ने भी उप अभियंता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए अपना पक्ष पुलिस के समक्ष रखा है।पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि शिकायतों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।इस घटना ने जनपद पंचायत के प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। विकास कार्यों के मूल्यांकन को लेकर शुरू हुआ विवाद अब पुलिस जांच का विषय बन गया है।

#### थाने में किए हैं शिकायत

उप अभियंता देवांगन को जनपद उपाध्यक्ष अपने चेंबर में बुलवाए थे,वहां मूल्यांकन को लेकर विवाद हुआ। उप अभियंता ने अपने साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट होने की जानकारी दी है, उसने घटना की रिपोर्ट जैजैपुर थाने में दर्ज कराई है। दूसरे पक्ष ने भी अपनी शिकायत थाने में दर्ज कराई है।

**-संदीप कश्यप,**
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत जैजैपुर

## चंगाई सभा में देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी, पास्टर समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ग्राम उदयबंद में आयोजित एक कथित चंगाई सभा के दौरान हिंदू धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और हिंदू देवी-देवताओं के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में सिटी कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार हिंदू जागरण मंच के जिला प्रशासन संपर्क प्रमुख सतीश सोनी ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम उदयबंध के गुड़ीपारा में बद्रीनाथ बरेठ के घर पर चंगाई सभा आयोजित की जा रही है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि सभा में लोगों को बीमारी का इलाज करने तथा चमत्कारी पानी पिलाने के नाम पर बुलाया जा रहा था। साथ ही बाइबल एवं अन्य धार्मिक साहित्य का वितरण कर ईसाई धर्म का प्रचार-प्रसार किया जा रहा था तथा हिंदू देवी-देवताओं के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही थीं।शिकायत के आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस ने धारा 299 एवं 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जानकारी



गिरफ्तार आरोपी।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप एवं नगर पुलिस अधीक्षक योगिता बाली खापर्डे को दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि मौके पर चंगाई सभा संचालित होती मिली, जहां पास्टर रथराम महिलांगे द्वारा धार्मिक पुस्तकें एवं बाइबल वितरित की जा रही थीं। जांच के दौरान पुलिस ने सभा स्थल से ईसाई धर्म से संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए। पूछताछ के बाद पुलिस ने उदयबंद निवासी आरोपी बद्रीनाथ बरेठ उम्र 40 वर्ष तथा मूलमुला निवासी पास्टर रथराम महिलांगे उम्र 38 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### रैली निकालने को लेकर विवाद, युवक से मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** थाना अकलतरा क्षेत्र के ग्राम कोटमी सोनार में रैली निकालने को लेकर हुए विवाद में एक युवक से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोटमी सोनार निवासी शुभम सोनी उम्र 26 वर्ष ने थाना अकलतरा में शिकायत दर्ज कराई थी कि 10 जून की रात गांव निवासी रोशन खान ने रैली निकालने एवं नेता बनते हो कहते हुए उसके साथ गाली-गलौज की। जब शुभम ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने डंडे से हमला कर मारपीट की। शिकायत के आधार पर थाना अकलतरा पुलिस ने आरोपी रोशन खान के विरुद्ध अपराध क्रमांक 331/2026 के तहत धारा 296, 115(2) एवं 351(3) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए धारा 117/126 एवं 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की। पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

### किसान कांग्रेस के नेतृत्व में हुआ आंदोलन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# खाद और डीजल की समस्या, कलेक्टोरेट घेरने पहुंचे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के आह्वान पर गुरुवार 11 जून को जिला मुख्यालय जांजगीर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। कचहरी चौंक में प्रदर्शन करते हुए किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने अपनी मांगो को लेकर आवाज बुलंद की।

जिला किसान कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम मांगों का ज्ञापन सौंपा।धरना सभा के दौरान किसानो को खरीफ फसल के लिए खाद, बीज और डीजल की कमी से कालाबाजारी बढ़ने का आरोप लगाया गया। किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों का कहना था कि प्रदेश का अन्नदाता खाद और बीज के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। बुवाई का समय नजदीक है,



मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान कांग्रेस के पदाधकारी।

लेकिन किसानों को न तो पर्याप्त खाद मिल रही है और न ही खेती-किसानी के लिए जरूरी डीजल मिल रहा है । संगठन ने प्रति एकड़ पर्याप्त यूरिया, डीएपी और पोटाश उपलब्ध कराने के साथ-साथ जरीकेन में डीजल देने की व्यवस्था लागू करने की मांग की। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि किस्तों में खाद वितरण की व्यवस्था किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है और उन्हें बार-बार सोसायटियों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। किसान कांग्रेस द्वारा कलेक्टर कार्यकाल घेराव की चेतावनी मिलने पर जिला प्रशासन ने कलेक्टर कार्यलय मे बेरीकेटिंग की गई थी। किसान कांग्रेस के पदाधिकारियो को कलेक्टर कार्यालय आने से रोकने के लिए एसडीएम खुद धरना स्थल पहुंचे और ज्ञापन लिया। जिला किसान कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम एस डी एम सुब्रत प्रधान को मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर किसान कांग्रेस के प्रभारी प्रदेश महामंत्री अकील हुसैन, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष कमल साव, वरिष्ठ कांग्रेसी दिनेश शर्मा, भगवान दास गढ़वाल, संदीप यादव, लोकेश राठौर, रामबिलास राठौर, अजीत राणा, रफीक सिद्धिकी, गिरधारी यादव, राधेलाल थवाईत सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### भाजपा बालको मंडल ने सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में की महाआरती

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी बालको मंडल में पिछड़ा वर्ग मोर्चा, महिला मोर्चा व किसान मोर्चा द्वारा बालको सेक्टर 5 श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफल 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर उनके दीर्घायु की कामना हेतु पूजा अर्चना कर महाआरती की गई। उक्त कार्यक्रम में बालको मंडल के सभी जिला, मंडल पदाधिकारियो एवं सभी मोर्चा अध्यक्षो के साथ ज्येष्ठ, श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ की सक्रिय सहभागिता रही।

### नीट-यूजी परीक्षा 21 को, 1765 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**कोरबा।** नीट-यूजी 2026 परीक्षा 21 जून को अपरान्ह 2 बजे से 5 बजे तक कोरबा जिला अन्तर्गत 4 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी। जिसमें कुल 1765 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उक्त परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी परीक्षा केन्द्रों में कार्यपालिक दण्डाधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है। आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु पुलिस प्रशासन को निर्देश जारी किया गया है।

### ग्राम करगामार में नल-जल योजना से पेयजल की हो रही आपूर्ति



**कोरबा।** विकासखण्ड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत पचरा के आश्रित ग्राम करगामार में संचालित सौर ऊर्जा आधारित नल-जल प्रदाय योजना पूरी तरह क्रियाशील एवं सुचारु रूप से संचालित है। योजना के माध्यम से ग्रामीणों को नियमित एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है तथा जलापूर्ति व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा नहीं है। योजना की वास्तविक स्थिति का सत्यापन करने हेतु ग्राम पंचायत पचरा के सरपंच द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट रूप से पाया गया कि सौर ऊर्जा संचालित नल-जल प्रणाली नियमित रूप से कार्यरत है तथा योजना के अंतर्गत स्थापित सिंटेक्स टंकी में निरंतर पानी भरा जा रहा है। टंकी से ग्रामीणों को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार सतत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

### माह जून में किसानवाणी कार्यक्रम के प्रसारण की तिथि तय

**कोरबा।** आकाशवाणी बिलासपुर से माह जून में प्रसारित होने वाले किसानवाणी कार्यक्रम की तिथि तय की गई है। प्रसारण का समय रात्रि 7.30 बजे से 8 बजे तक है। जारी कार्यक्रम के मुताबिक 11 जून को फोनईन कार्यक्रम-धान फसल में नीलहरित काई एवं भूरा खाद का उपयोग, 12 जून फोनईन कार्यक्रम जैविक खेती की आवश्यकता एवं संभावनाएं, 13 जून खरीफ मौसम में उन्नत चारा प्रबंधन तकनीक, 14 जून ग्रामसभा-आपमन के गीत, 15 जून धान उत्पादन की विधियां एवं छिटकाव पद्धति से लाख, 16 जून किसान वाणी गॉंव म, 17 जून सफल कृषक से भेंट, 18 जून फोनईन कार्यक्रम खरीफ मौसम में धान बीजोत्पादन तकनीक, 19 जून फोनईन कार्यक्रम खरीफ मौसम में दलहन तिलहन बीजोत्पादन तकनीक, 20 जून उद्यान विभाग द्वारा संचालित लाभकारी योजनाएं, 21 जून-ग्रामसभा-आपमन के गीत, 22 जून आयल पाम की खेती किसानों के लिए लाभकारी, 23 जून किसान वाणी गॉंव म, 24 जून सफल महिला कृषक से भेंट, 25 जून फोनईन कार्यक्रम बरसात पूर्व पशुओं को प्रबंधात्मक टीककरण 26 जून फोनईन कार्यक्रम पशु विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी, 27 जून खेत बचाओ अभियान के तहत प्राकृतिक खेती अपनाना, 28 जून ग्रामसभा-आपमन के गीत, 29 जून तसर कोसा कृमि पालन और 30 जून को किसान वाणी गॉंव म कार्यक्रम का प्रसारण किया जायेगा।

# राताखार तिराहे पर अनियंत्रित ट्रेलर पलटा, सोनालिया सहित अन्य मार्गों पर लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राताखार तिराहे के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से शहर के कई प्रमुख मार्गों पर भारी जाम लग गया। हादसे के कारण आवागमन पूरी तरह ठप हो गया, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, पुलिस प्रशासन की सूझबूझ और कड़ी मशक्कत के बाद स्थिति पर काबू पा लिया गया। बताया जाता है कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राताखार तिराहा शराब भट्ठी के पास बुधवार की देर शाम एक ट्रेलर पलट गई। हादसे के तुरंत बाद सभी गाड़ियां सीधे सुनालिया मार्ग की ओर रुख करने लगीं। देखते ही देखते सुनालिया मार्ग, इंदिरा स्टेडियम बाईपास मार्ग समेत आसपास के अन्य प्रमुख रास्तों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और चक्काजाम जैसी स्थिति निर्मित हो गई। जाम की स्थिति निर्मित होने की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी मोतीलाल पटेल, यातायात प्रभारी मनोज राठौर, सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी तत्काल मौके पर पहुंचे और सड़कों पर बढ़ते दबाव और जाम को देखते हुए पुलिस कर्मियों ने मोर्चा संभाला। क्रेन और अन्य राहत उपकरणों को मौके पर बुलाया गया। भारी-भरकम ट्रेलर को बीच सड़क से हटाने और किनारे करने में पुलिस की टीम को घंटों कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह रात 8.30 बजे सुनालिया मार्ग को खाली कराया जा सका और यातायात को दोबारा सामान्य रूप से बहाल किया जा सका।

**खास बात**

- घंटों मशक्कत के बाद यातायात को किया गया बहाल



सोनालिया मार्ग में इस तरह वाहनों की लगी थी लंबी कतार।



इस तरह फंसे हुए थे वाहन।

## सड़क पर बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहनों के दबाव को देखते हुए और चार्जिंग स्टेशन की दरकार

# जिले में 7 हजार इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए महज दो चार्जिंग स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में चलने वाले 6961 से भी अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए महज 2 स्थानों पर ही चार्जिंग स्टेशन की सुविधा उपलब्ध है। नगर निगम के द्वारा सुनालिया चौक के समीप मल्टीलेवल पार्किंग और स्मृति उद्यान के समीप चार्जिंग स्टेशन का निर्माण किया गया है। जहां 50 लाख की लागत से चार्जिंग मशीन स्थापित की गई है। हालांकि लगभग 7 हजार वाहनों की तुलना में केवल 2 चार्जिंग स्टेशन ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा है। हालांकि प्रशासन को शहर सहित उपनगरीय क्षेत्रों में और चार्जिंग स्टेशन स्थापित करना चाहिए जिससे ईवी वाहन चालकों को राहत मिल सके।

सुविधा के अभाव में लो बैटरी होने पर वाहन चालकों को घर वापस लौटना पड़ता है। केंद्र सरकार के नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत 2 चार्जिंग स्टेशन स्थापित किये गए हैं। कोरबा शहर देश के सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में शामिल है जहां इको फ्रेंडली ग्रीन एनर्जी वाले ई-व्हीकल को बढ़ावा देने के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं। पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों के चलते तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की डिमांड बाजार में बढ़ी है। निजी हो चाहे कमर्शियल लोग ई-व्हीकल की ओर रुख करने लगे हैं। जिस तादाद में शहर में दौड़ने वाली ई-रिक्शा की बढ़त हो रही उससे अनुसार शहर में और अधिक चार्जिंग प्वाइंट का होना आवश्यक हो गया है। बात करें ई रिक्शा की तो 3 साल पहले शहर में ई-रिक्शा की संख्या 100 थी जो अब बढ़कर 1500 हो चुकी है। सामान्य तौर पर ई-रिक्शा फुल चार्ज करने पर 70 से 80 किलोमीटर की दूरी तय करता है। वर्तमान में उपनगरीय क्षेत्रों जैसे बालको, दर्री, कटघोरा, दीपका, कुसमुण्डा में चार्जिंग स्टेशन नहीं होने से वाहन चालक लंबी दूरी सवारी नहीं ले जा रहे हैं। उन्हे हमेशा इस बात का डर होता है कि यात्री सेवा देते समय कहीं चार्जिंग खत्म न हो जाए। वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए वाहन चालकों द्वारा उपनगरीय क्षेत्रों में भी चार्जिंग स्टेशन की मांग की जा रही है। इसके अलावा शहर में भी चार्जिग स्टेशन की बढ़ोतरी जरुरी है। ई-वाहन चालक घर में रात भर चार्चिंग करते हैं, जो पूरे दिन वाहन चलाने के लिए यह पर्याप्त नहीं होता।




घंटाघर में तैयार किया गया चार्जिंग स्टेशन।

### 18 प्रतिशत प्रदूषण पेट्रोल बाइक और आटो से हो रहा

शहर में चिमनी और भारी वाहनों ने निकलने वाली धुआं के साथ कुल प्रदूषण 18 प्रतिशत भाग अकेले ऑटो और दोपहिया वाहनों से निकलती है। चार्चिंग प्वाइंट खुलने से लोगों की निर्भरता बढ़ी है। साथ ही सड़कों पर होने वाले प्रदूषण में भी कमी आयी है। ई-रिक्शा की संख्या शहर ही नहीं उपनगरीय क्षेत्रों में भी बढ़ रही है। यहां भी चार्जिंग प्वाइंट की जरूरत महसूस की जा रही। सुविधा मिलने से यहां भी पेट्रोल और डीजल वाहन की संख्या में कमी आएगी। स्थानीय निकाय की ओर शहर चार्जिंग प्वाइंट खोलने से राजस्व लाभ भी मिलेगा, रोजगार भी बढ़ेगा।

### पेट्रोल-डीजल की स्थिति

| वर्ष | पेट्रोल हाईब्रिड | डीजल हाईब्रिड | ईवी | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 438 | 01 | 843 | 1282 |
| 2023-24 | 547 | 00 | 1229 | 1776 |
| 2024-25 | 642 | 00 | 1461 | 2103 |
| 2025-26 | 506 | 07 | 1287 | 1800 |
| | 2133 | 08 | 4820 | 6961 |

### रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में सबसे ज्यादा जरूरत

ई-रिक्शा संचालकों की ओर से शहर के बस और रेलवे स्टैंड में चार्जिंग प्वाइंट की मांग की जा रही है। यहां सुविधा होने से अधिक दूरी तक सफर करने वाले यात्रियों को पूरी तरह रिचार्ज वाहन का विकल्प चुनने में सहूलियत होगी। शहर में चार्जिंग प्वाइंट कम होने से कई गैरेज संचालकों ने हूकिंग की बिजली से सेवाएं देना शुरू कर दिया है। इससे न केवल विद्युत वितरण विभाग को घाटा हो रहा है बल्कि सप्लाई तार पर भी भार बढ़ रहा है। मामले को गंभीरता से नहीं लेने के चलते बिजली चोरी की संभावना बढ़ गई है।

# कोल इंडिया के निदेशक ने दीपका खदान का किया निरीक्षण



खदान का निरीक्षण करते कोल इंडिया के निदेशक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोलइंडिया के निदेशक (वित्त) प्रमोद अग्रवाल ने एसईसीएल दीपका खदान का निरीक्षण किया।

**खास बात**

- खदान विस्तार के लिए जमीन के भौतिक अर्जन की प्रगति की समीक्षा की

इस दौरान उन्होंने दीपका क्षेत्र के कोयला उत्पादन, ओवरबर्डन निष्कासन और कोल प्रेषण से संबंधित गतिविधियों की जानकारी जुटाई। साथ ही खदान विस्तार के लिए आवश्यक जमीन के भौतिक अर्जन की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया।

कोलइंडिया के निदेशक (वित्त) प्रमोद अग्रवाल के साथ एसईसीएल के निदेशक (संचालन) एन फ्रेंकलिन जय कुमार तथा निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे। इस दौरान श्री अग्रवाल ने दीपका क्षेत्र की वित्तीय स्थिति का भी अवलोकन किया तथा क्षेत्र के अधिकारियों के साथ विभिन्न वित्तीय एवं परिचालन पहलुओं पर चर्चा की तथा आने वाले वर्षों में उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर बल दिया। अपने दौरे के दौरान निदेशक (वित्त), सीआईएल ने पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में सभी की सहभागिता का आह्वान किया।

**प्रारुप-(तीन)**
**शपथ पत्र का प्रारुप**
**(समक्ष श्रीमान् पब्लिक नोटरी महोदय पामगढ़ जिला - जांजगीर चांपा छ.ग )**

मैं नव्या पैंकरा पिता प्रबल साय पैंकरा निवासी नगर पंचायत पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला - जांजगीर चांपा छ.ग का स्थाई निवासी हूँ। मैं शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन प्रस्तुत करती हूँ:- 1. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 5710 5599 1218 है, जिसमे मेरा नाम गायत्री पैंकरा (GAYATRI PAIKRA ) दर्ज है, जो कि असत्य है। 2. मेरे जन्म प्रमाण पत्र में नाम नव्या पैंकरा (NAVYA PAIKRA) पिता प्रबल साय पैंकरा (PRABAL SAI PAIKRA) दर्ज है, जिसका पंजीयन संख्या B:2024:22-04290-000009 जिसके अनुसार अपने आधार कार्ड का नाम सुधार करना चाहती हूँ। 3. मैं यह शपथ पत्र अपने पुरे होशोहवास में हस्ताक्षर कर रही हूँ, तथा समक्ष श्रीमान् पब्लिक नोटरी महोदय पामगढ़ को प्रस्तुत कर रही हूँ। 4. मैं अपने पुराने नाम गायत्री पैंकरा (GAYATRI PAIKRA) को बदल कर नया नाम नव्या पैंकरा (NAVYA PAIKRA) रख ली है, अब मुझे इसी नाम से जाना / पहचाना एवं संबोधित किया जाएं। 5. यह कि छ.ग. राजपत्र मेरा नाम नव्या पैंकरा (NAVYA PAIKRA) पिता प्रबल साय पैकरा (PRABAL SAI PAIKRA) प्रकाशन के लिए प्रस्तुत हैं। 6. मैं अपने नाम बदल कर यदि कोई गैर कानूनी काम करती हूँ, तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।

दिनांकः-11/06/2026
स्थानः- पामगढ़

**नव्या पैंकरा**
**शपथकर्ती**

**कार्यालय तहसीलदार पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**/ / ईश्तहार / /**
क्रमांक / Q / तह. / वा./26
पामगढ़, दिनांक 04.06.2026
रा.प्र.क्र. 202606063100019/ब-121
ग्राम-बारगांव प.ह.नं.

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक प्रखर तिवारी पिता दीपक तिवारी जाति ब्राम्हण साकिन बारगांव तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. के द्वारा EWS हेतु शपथ पत्र एवं आधार कार्ड निवास प्रमाण पत्र मार्क शिट के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक प्रखर तिवारी पिता दीपक तिवारी के नाम पर ग्राम बारगांव में EWS के लिए प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 19-06-2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकते है।

आज दिनांक 04.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**पामगढ़**

# राज्य स्तरीय तैराकी अंतर्गत जिले से भूमि पार्थ राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के युवा तैराकों ने राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। रायपुर में आयोजित छग राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिले के प्रतिभाशाली तैराक भूमि गुप्ता और पार्थ श्रीवास्तव का चयन राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए किया गया है। दोनों खिलाड़ी आगामी 16 से 21 जून तक गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

प्रतियोगिता में भूमि गुप्ता ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 2सौ मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा उन्होंने 50 मीटर और सौ मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में द्वितीय स्थान हासिल कर अपनी उत्कृष्ट तैराकी क्षमता का परिचय दिया। भूमि के इस प्रदर्शन ने न केवल उन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता का टिकट दिलाया, बल्कि कोरबा जिले के खेल प्रेमियों को भी गौरवान्वित किया है। पार्थ श्रीवास्तव ने प्रतियोगिता में दबदबा कायम रखते हुए 2सौ मीटर, 4सौ मीटर, 8सौ मीटर तथा 15सौ मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



चयनित प्रतिभागी।

# खरीफ सीजन की तैयारियों को मिली गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के हितों के संरक्षण एवं कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। किसानों को खेती-किसानी के लिए आवश्यक संसाधन समय पर उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। जिले की सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को समय पर खाद, बीज एवं अन्य कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे कृषकों में संतोष और उत्साह का वातावरण है।

जिले के ग्राम रिसदी निवासी कृषक लक्ष्मीनारायण कंवर के पास लगभग 2 एकड़ 96 डिसमिल कृषि भूमि है, जिसमें वे मुख्य रूप से धान की खेती करते हैं। आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों के तहत वे सहकारी समिति जामबहार-सोनपुर पहुंचे, जहां से उन्होंने अपनी आवश्यकता के अनुसार यूरिया, डीएपी एवं बीज प्राप्त किया। श्री कंवर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज का भंडारण किया गया है, जिससे किसानों को आवश्यक कृषि सामग्री प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि समिति में सरल प्रक्रिया के माध्यम से आवश्यक सामग्री आसानी से उपलब्ध हो रही है।

SHRISHTI INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCE & RESEARCH CENTER
Recognized to Indian Nursing Council, New Delhi Affiliated by:
Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Science & Ayush University C.G.
कम शुल्क पर नर्सिंग कोर्स कराया जाता है
COURSE OFFERED
• B.Sc. (Nursing)
DURATION- 4 Year
ELIGIBILITY
12th Passed in PCEB & Pre Nursing Test Exam-2026
ADMISSION OPEN
शासकीय अनुदान प्राप्त महाविद्यालय
We Serve the Best:
- QUALIFIED & EXPERIENCED TEACHING FACULTY.
- EXCELLENT PRACTICAL TRAINING ASSOCIATION.
- SEPERATE CLASSROOMS & LABS, LIBRARY
- QUALITY TEACHING INFRASTRUCTURE &LEARNING AIDS.
- HOSTEL ACCOMMODATION & MESS, PLAY GROUND
नर्सिंग क्षेत्र में भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर
Rajgamar Road, Near District Jail, Risdi Korba (C.G.) 495683
OUR CONTACT NUMBER: 7771000277, 8770584310, 9039887526

# पांच महीने के भीतर 916 शराबी चालकों पर गिरी पुलिस की गाज

**कोरबा।** जिले की सड़कों को सुरक्षित बनाने और सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए यातायात पुलिस इन दिनों पूरी तरह से एक्शन मोड में है। पुलिस अधीक्षक के कड़े रुख के बाद यातायात विभाग द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले (ड्रिंक एंड ड्राइव) लापरवाही चालकों के खिलाफ एक बड़ा और निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अब तक बेहद सकारात्मक और प्रभावी परिणाम सामने आए हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर निरंतर सड़क हादसों पर विराम लगाने का प्रयास कर रहा है। ज्यादातर सड़क हादसे शराब के वजह से होती है। इन शराबी चालकों को सबक सिखाने के लिए यातायात सउनि मनोज राठौर व उनकी टीम निरंतर शहर के आउटरों में ब्रिथ एनालाईजर के माध्यम से शराबी चालकों की जांच की जा रही है। जिसमें लगातार शराबी चालक पकड़े भी जा रहे हैं। यातायात पुलिस से मिले आंकड़ों के मुताबिक, चालू वर्ष में जनवरी महीने से लेकर अब तक कुल 916 ऐसे वाहन चालकों को पकड़ा गया है, जो शराब के नशे में धुत होकर दूसरों और खुद की जान जोखिम में डालकर वाहन चला रहे थे। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की है। लगभग 91 लाख रुपये से अधिक का समन शुल्क वसूल किया जा चुका है।

जॉंजगीर मार्केट

फनीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# एक्शन से लबरेज फिल्म लग जा गले की रिलीज का ऐलान

**नई दिल्ली।** टाइगर श्रॉफ, जान्हवी कपूर और लक्ष्य बड़े परदे पर साथ आने वाले हैं। बात हो रही है एक्शन फिल्म 'लग जा गले' की। राज मेहता के निर्देशन में बनी इस फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा कर दिया गया है। फिल्म 'लग जा गले' को करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया गया है। यह फिल्म 14 मई 2027 को दस्तक देगी। फिल्म में टाइगर श्रॉफ और लक्ष्य दोनों हों, तो जाहिर है एक्शन भी दमदार होगा। इस फिल्म में इंटेंस एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे। फिल्म की रिलीज डेट सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स रिएक्शन दे रहे हैं।



लाइफ Style

# आलिया

## अल्फा में दिखा दमदार एक्शन अवतार

यश राज फिल्म्स की आने वाली स्पाई थ्रिलर फिल्म 'अल्फा' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर की शुरुआत बॉबी देओल और आलिया भट्ट से होती है। फिल्म में बॉबी, आलिया के पिता बने हैं। दोनों होटल आलिया भट्ट का 18वां जन्मदिन मनाते नजर आते हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस बीच बॉबी आलिया को एक कार्ड देते हैं, जिसमें रूम का नंबर होता है, और कहते हैं कि ये उनका पहला मिशन है। इसके बाद आलिया का अलग अंदाज देखने को मिलता है। आलिया टीजर में काफी शानदार एक्शन और पॉवरफुल सीन करती नजर आती हैं। बॉबी आगे कहते नजर आते हैं कि आलिया ऐसे मिशन का हिस्सा हैं, जिन्हें अल्फा कहा जाता है। ये एक सीक्रेट मिशन होता है, जिसमें भारत के नेक्स्ट जेनरेशन के योद्धाओं को तैयार किया जाता है। टीजर जैसे-जैसे आगे बढ़ता है, फिल्म में और दमदार एक्शन सीन्स देखने को मिलते हैं। इस फिल्म में आलिया भट्ट, बॉबी देओल, शरवरी और अनिल कपूर जैसे बड़े सितारे नजर आने वाले हैं। अल्फा यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म है, जो एक नए जासूस की कहानी दिखाती है। फिल्म 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अमिताभ बच्चन ने एक्स पर अल्फा का टीजर शेयर किया और अपनी प्यारी आलिया को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मेरी प्यारी आलिया को प्यार और शुभकामनाएं।' वहीं, अहान पांडे भी टीजर देखकर खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इसे अविश्वसनीय बताया।

## हॉलीवुड मसाला



# फैन ने छू लिया तो भड़क उठे

**लॉस एंजिल्स।** जापान में जैकब एलोर्डी के साथ हुआ एक छोटा सा लेकिन चर्चित वाकया हुआ, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, एक वीडियो में देखा गया कि जैकब एलोर्डी जापान के एक रेस्टोरेंट से बाहर निकल रहे थे, तभी एक फैन उनके पास आया और फोटो लेने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान फैन ने उनकी पीठ पर हाथ रख दिया, जिससे एक्टर थोड़े असहज हो गए। जैकब तुरंत रुक गए, पीछे मुड़े और साफ शब्दों में कहा, 'प्लीज भाई मुझे हाथ मत लगाओ।'



# अमेरिकी रॉक बैंड गन एंड रोजेज की धुन पर थिरकेंगे भारतीय फैंस

**मुंबई।** रॉक बैंड गन एंड रोजेज को नवंबर रेन और वेलकम टू द जंगल जैसे मशहूर गानों के लिए जाना जाता है। यह अमेरिकी म्यूजिक बैंड जल्द ही भारत में भी परफॉर्म करेगा। भारत के कई बड़े शहरों में इनका कॉन्सर्ट होगा। इनका कॉन्सर्ट शेड्यूल भी सामने आ चुका है। रॉक बैंड गन एंड रोजेज दूसरी बार कॉन्सर्ट करने के लिए भारत आ रहे हैं। रॉक बैंड गन एंड रोजेज वर्ल्ड टूर पर हैं। दुनिया भर के अलावा वह भारत में आकर भी परफॉर्म करेंगे। इनका पहला कॉन्सर्ट 14 नवंबर को बेंगलुरू और 17 नवंबर को गुवाहाटी में होगा। फैंस बुकमायशो के जरिए इस कॉन्सर्ट के टिकट बुक कर सकते हैं। गन एंड रोजेज म्यूजिक बैंड में एक्सल रोज, स्लैश, डफ मैककेगन, रिचर्ड फोर्टस, डिजी रीड, मेलिसा रीस और इसाक कारपेंटर शामिल हैं। यह बैंड 1985 में लॉस एंजिल्स में बना था।



# फिल्म इंडस्ट्री के लोग मैसेज नहीं करते

**नई दिल्ली।** कंगना रनौत का फिल्म इंडस्ट्री से पंगा किसी से छिपा नहीं है। अपनी फिल्म भारत भाग्य विधाता के प्रमोशन के दौरान उन्होंने एक बार फिर से उस तल्खी का जिक्र किया। कंगना का कहना है कि इंडस्ट्री के लोग उनके टच में नहीं हैं। वह कोई फिल्म बनाती हैं तो उस पर भी लोग कोई कमेंट नहीं करते। कंगना ने अपनी जिंदगी के स्ट्रगल्स और अहम फैसलों पर भी बात की। कंगना रनौत अपनी फिल्म भारत भाग्य विधाता के लिए काफी एक्साइटेड हैं। मूवी 12 जून को रिलीज होगी। इससे पहले कंगना फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं। कंगना से पूछा गया कि क्या उन्हें आने वाली फिल्म के लिए बॉलीवुड से कोई मैसेज आया? इस पर कंगना ने जवाब दिया, 'फिल्म इंडस्ट्री के लोग मुझे मैसेज नहीं करते।' कंगना का मानना है कि सफल लोगों को आलोचना सुननी पड़ती है।



# बेबी-डू-डाई-डू का टीजर जारी...

**मुंबई।** अभिनेत्री हुमा कुरैशी अपनी नई फिल्म 'बेबी डू डाई डू' के साथ दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं। हाल ही में इस फिल्म का टीजर रिलीज किया गया है, जिसमें हुमा का बेहद खतरनाक और अनोखा अंदाज देखने को मिला। टीजर में एक महिला की आवाज सुनाई देती है, जो मरी हुई है, वह कहती है, 'मेरी बहन एक किलर है। वह बोल-सुन नहीं सकती, लेकिन वह मेरी आवाज सुन सकती है क्योंकि मैं पहले ही मर चुकी हूं। बेबी कर मर कर, डू डाई डू... उसके छाते से बचके रहना।' टीजर की शुरुआत कॉमिक अंदाज में होती है। यह कहानी मुंबई शहर की है, जहां पिछले 25 दिनों में तीन हत्याएं हो चुकी हैं। पुलिस और मीडिया को कातिल का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। असल में यह कातिल एक महिला है, जो न तो बोल सकती है और न ही सुन सकती है।

## टीवी मसाला



# बचपन में देखती थीं 'ऑफिस ऑफिस' आज बनीं मुसद्दीलाल की बेटी

**नई दिल्ली।** कभी 'ऑफिस ऑफिस' देखकर बड़ी हुईं श्रुति शर्मा आज उसी चर्चित फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं। उन्होंने अपने नए शो 'ऑफिस ऑफिस- चली मुसद्दीलाल की बेटी', पंकज कपूर से मिलने की इच्छा, अपने किरदार अनोखी और सरकारी सिस्टम से जुड़े निजी अनुभवों पर खुलकर बात की। शो में मुसद्दीलाल की बेटी का किरदार निभा रहीं श्रुति शर्मा की एक ख्वाहिश अब भी अधूरी है। स्क्रीन पर जिस किरदार की विरासत को वह आगे बढ़ा रही हैं, उसके पीछे के कलाकार पंकज कपूर से उनकी अब तक मुलाकात नहीं हुई है। पंकज कपूर से मिलने की इच्छा जाहिर करते हुए श्रुति शर्मा ने कहा, 'अभी तक पंकज कपूर सर से मुलाकात नहीं हुई है। मैं उनके काम की बहुत बड़ी फैन हूं। दिल से चाहूंगी कि एक दिन उनसे मिलूं। मैं चाहती हूं कि वह यह शो देखें और मुझे बताएं कि उन्हें मेरा काम कैसा लगा। अगर वह मुझे कोई सलाह दें या अपना रिव्यू शेयर करें, तो वह मेरे लिए बहुत खास होगा। उम्मीद है कि कभी न कभी मुलाकात होगी। और अगर उन्हें मेरा काम पसंद आया, तो शायद उससे बड़ी तारीफ मेरे लिए कोई नहीं होगी।' 'ऑफिस ऑफिस' से श्रुति का रिश्ता नया नहीं है। फर्क सिर्फ इतना है कि पहले वह इसे टीवी पर देखती थीं और अब उसी कहानी का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे याद है कि जब मैं छोटी थी, तब 'ऑफिस ऑफिस' बहुत देखा करती थी। शो की यादें आज भी मेरे जहन में ताजा हैं। इसलिए कभी सोचा नहीं था कि एक दिन मुझे इसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा। मैं खुद को बहुत ग्रेटफुल मानती हूं। मैं चाहती हूं कि आज के बच्चे और युवा भी इस शो को उसी तरह याद रखें, जैसे हम पुराने 'ऑफिस ऑफिस' को याद रखते हैं।

## बिग बॉस 20 की तैयारियां शुरू

**नई दिल्ली।** टेलीविजन का सबसे लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस' अपने 20वें सीजन के साथ वापस आ रहा है। लाखों दर्शकों के लिए 'बिग बॉस' का मतलब ही सलमान खान भी है। सलमान के फैंस के लिए अच्छी खबर यह है कि वह एक बार फिर इस शो को होस्ट करने के लिए तैयार हैं। इस शो के मेकर्स नए प्रतियोगियों को चुनने के लिए ऑडिशन शुरू करने वाले हैं। इस बार कुछ पुराने मशहूर प्रतियोगी भी दोबारा घर में एंट्री ले सकते हैं। इस शो की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। सलमान 21 सितंबर से इस नए सीजन की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। 'वीकेंड का वार' में सलमान खान का अंदाज, उनका गुस्सा और समझाने का तरीका ही इस शो की असली जान है, जो इस बार भी दर्शकों को देखने को मिलेगा।



# इस गीत के लिए महज एक रुपए ली थी फीस

## कल्ट गाने को मेकर्स ने पहले कर दिया था रिजेक्ट

*नई दिल्ली। सिनेमा जगत के पुराने गानों की चर्चा काफी जाती है। ज्यादातर सिनेप्रेमी ओल्ड सॉन्ग्स को सुनना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन गीतों की मेकिंग के किस्से भी काफी दिलचस्प होते हैं। इस आधार पर आज हम आपको 62 साल पुराने बॉलीवुड के उस गाने के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको गाने के लिए गायक ने महज एक रुपये की फीस ली थी। हैरान करने वाली बात ये थी, मेकर्स ने पहले उस सॉन्ग को बनाने से साफ मना कर दिया था।*

### रिजेक्ट सॉन्ग बना कल्ट

साल था 1964और उस वक्त मशहूर फिल्ममेकर सत्यबेन बॉस ने एक फिल्म बनाने की योजना बनाई। ये वही दौर था, जब हिंदी सिनेमा ब्लैक एंड व्हाइट से धीरे-धीरे कलर स्क्रीन पर शिफ्ट हो रहा था। उस मूवी का नाम था दोस्ती, जिसमें ऐसे दोस्तों की कहानी को दर्शाया गया था, जो शरीरिक तौर पर अपंग थे। एक आंखों से देख नहीं सकता था और दूसरे का एक पैर खराब था। अब तो आप समझ ही गए होंगे की यहां बात फिल्म दोस्ती की जा रही है।

### चाहूंगा मैं तुझे...

सुधीर कुमार और सुशील कुमार स्टारर ये फिल्म अपनी शानदार कहानी से ज्यादा गानों को लेकर चर्चित रही। दोस्ती में एक गाना था मौजूदा था, जिसके बोल थे- चाहूंगा मैं तुझे... इस सॉन्ग को दिग्गज सिंगर मोहम्मद रफी ने अपनी मधुर आवाज में गाया था और लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी ने इसे संगीत दिया था। फेसबुक पेज द बॉलीवुड रेडियो पेज की जानकारी के आधार पर आपको ये जानकर झटका लगेगा कि फिल्म के निर्माता



इस गाने को बनाने के पक्ष में नहीं थे और इसके संगीत की धुन को सुनकर उन्हें इसे रिजेक्ट कर दिया था। लेकिन, बाद में रफी साहब के निवेदन पर जाकर दोस्ती का ये गीत तैयार हुआ।

### फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला

बताया जाता है कि दोस्ती फिल्म के चाहूंगा मैं तुझे... गीत को गाने के लिए मोहम्मद रफी ने महज एक रुपये की फीस ली थी। कमाल की बात ये थी इसी गाने के लिए रफी साहब को बेस्ट प्लेबैक सिंगर के तौर पर करियर का पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला था।

# 525 दिनों तक सिनेमाघरों में लगातार चली थी 61 साल पहले आई राजेंद्र कुमार की फिल्म

**नई दिल्ली।** राजेंद्र कुमार हिंदी सिनेमा के उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार थे, जिनकी कई फिल्में सिनेमाघरों में सिल्वर जुबली साबित हुई थीं। अपने फिल्मी कॅरियर में उन्होंने एक से बढ़कर एक मूवी के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया था। उनमें से एक फिल्म के बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं, जिसे 61 साल पहले रिलीज किया गया था। राजेंद्र कुमार की वह फिल्म प्लैटिनम जुबली साबित हुई थी 70 सप्ताह से ज्यादा समय तक सिनेमाघरों में चलती रही थी।

### प्लैटिनम जुबली साबित हुई थी

आईएमडीबी की रिपोर्ट के अनुसार आलम ये रहा था कि राजेंद्र कुमार स्टारर थिएटर्स में करीब 75 हफ्तों तक यानी 525 दिनों तक चली थी और प्लैटिनम जुबली साबित हुई थी। उनकी इस 61 साल पुरानी मूवी का रिकॉर्ड आज भी कायम है और शोले सहित कुछ ऑल टाइम ब्लॉकस्टर को छोड़ दिया जाए तो कोई भी अन्य मूवी ऐसा कारनामा करने में नाकाम रही है। इतना ही नही आरजू उस साल की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में भी शुमार रही थी।



### गाने भी रहे थे कल्ट

राजेंद्र कुमार स्टारर आरजू की सफलता के पीछे उसकी शानदार कहानी के अलावा उसके बेहतरीन गीतों ने फैंस का दिल जीता था। बेदर्दी बालमा... और ऐ फूलों की रानी... सहित कई ऐसे सॉन्ग्स थे, जो आरजू की पहचान बने। आज भी इस फिल्म के गानों को खूब सुना जाता है।


### 1965 में सिनेमाघरों में हुई थी रिलीज

अपने दौर के दिग्गज अभिनेताओं के तौर पर राजेंद्र कुमार को आज भी याद किया जाता है। बेशक वह हमारे बीच में मौजूद नहीं हैं, लेकिन कॅरियर में दी गई यादगार फिल्मों के जरिए वह फैंस के दिलों हमेशा जिंदा रहेंगे। राजेंद्र साहब की कल्ट मूवीज के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें आरजू का नाम शामिल है। इस फिल्म को साल 1965 में सिनेमाघरों में रिलीज की गई थी। राजेंद्र कुमार के साथ-साथ फिल्म में अभिनेत्री साधना शिवदासानी, फिरोज खान, नाजिमा और नाजिर हुसैन जैसे कई कलाकारों में अहम भूमिकाओं को अदा किया था। आरजू का डायरेक्शन रामायण टीवी शो बनाने वाले रामानंद सागर ने किया था।

## हॉरर-रोमांस-पॉलिटिक्स और सस्पेंस के साथ छिड़ेगा घमासान

# कल इन फिल्मों का थिएटर्स में होगा महा-क्लैश, दिग्गज होंगे आमने-सामने

*नई दिल्ली। मनोरंजन जगत में 12 जून का वीकेंड इतिहास का सबसे व्यस्त और धमाकेदार वीकेंड साबित होने जा रहा है। इस शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर एक या दो नहीं, बल्कि पूरे 9 फिल्मों का महा-क्लैश होने जा रहा है, जिसमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के दिग्गज आमने-सामने होंगे। इस लिस्ट में मनोज बाजपेयी की पॉलिटिकल ड्रामा, इम्तियाज अली का अनकहा रोमांस, कंगना रनौत की देशभक्ति और हॉलीवुड के स्टीवन स्पीलबर्ग का सस्पेंस शामिल है।*



**गवर्नर:** इस वीकेंड की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एवर्नर', जिसमें मुख्य भूमिका में नेशनल अवॉर्ड विनर मनोज बाजपेयी हैं. यह एक गंभीर पॉलिटिकल ड्रामा है। मनोज बाजपेयी हमेशा से ही अपनी परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड और सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, इसलिए इस फिल्म को लेकर दर्शकों और समीक्षकों में जबरदस्त उत्सुकता है।

**मैं वापस आऊंगा :** बॉलीवुड के सबसे चहेते निर्देशकों में से एक, इम्तियाज अली इस फिल्म के साथ वापसी कर रहे हैं. हालांकि फिल्म की कहानी को पूरी तरह से सीक्रेट रखा गया है, लेकिन इम्तियाज का नाम ही जज्बाती और रूहानी प्रेम कहानियों की गारंटी माना जाता है। फैंस को उम्मीद है कि ये एक रोमांटिक-इमोशनल ड्रामा होगी।

**भारत भाग्य विधाता :** कंगना रनौत स्टारर यह फिल्म लीडरशिप, शासन व्यवस्था और राष्ट्रीय पहचान जैसे ज्वलंत मुद्दों पर आधारित एक और बड़ी पॉलिटिकल फिल्म है। कंगना के हालिया राजनीतिक बयानों और फिल्मों को देखते हुए यह फिल्म सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोरने वाली है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा इसे पहले ही दिल्ली में टैक्स-फ्री घोषित किया जा चुका है, जिससे इसे बॉक्स ऑफिस पर अच्छी बढ़त मिलने की उम्मीद है।

**हॉन्टेड 3डी :** भारत में हॉरर फिल्मों के बेताज बादशाह विक्रम भट्ट अपनी सबसे सफल फ्रेंचाइजी 'हॉन्टेड' के नए पार्ट के साथ लौट रहे हैं. इसमें अलौकिक शक्तियों, बेहतरीन विजुअल इफेक्ट्स और डरावने सस्पेंस का दावा किया गया है।

**बैकरूम्स :** हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए 'बैकरूम्स' भी एक बड़ी रिलीज साबित हो सकती है। यह फिल्म इंटरनेट पर वायरल हुए 'बैकरूम्स' कॉन्सेप्ट पर आधारित है, जिसने वर्षों से अनगिनत ऑनलाइन थ्योरी, कहानियों और वीडियो को जन्म दिया है। रहस्यमयी और डरावने माहौल के लिए मशहूर इस विचार को अब एक फीचर फिल्म के रूप में बड़े पर्दे पर उतारा गया है। अपनी अनोखी कहानी, बेचैनी पैदा करने वाले वातावरण और मनोवैज्ञानिक डर के कारण यह फिल्म खासकर युवा दर्शकों के बीच काफी चर्चा में है। रिलीज से पहले ही इसे साल की सबसे प्रतीक्षित हॉरर फिल्मों में गिना जा रहा है।

**स्कैरी मूवी :** हॉलीवुड की मशहूर पैरोडी फ्रेंचाइजी 'स्कैरी मूवी' एक नए पार्ट के साथ आ रही है, जो पॉप-कल्चर और हॉरर फिल्मों का मजाक उड़ाते हुए दर्शकों को हंसा-हंसाकर लोटपोट करने के लिए तैयार है।

**द नर्मदा स्टोरी :** नर्मदा नदी और उसके आस-पास रहने वाले समुदायों के जीवन से प्रेरित यह फिल्म एक सामाजिक ड्रामा है, जो मानवीय संवेदनाओं और सिस्टम पर चोट करती नजर आएगी।

**हीर सारा :** जो लोग मारधाड़, राजनीति और डर से दूर एक शुद्ध प्रेम कहानी देखना चाहते हैं, उनके लिए यह फिल्म एक बेहतरीन विकल्प के रूप में रिलीज हो रही है। यह फिल्म रिश्तों और प्रेम की भावनात्मक कहानी को बड़े पर्दे पर लेकर आ रही है।

**डिस्क्लोजर डे :** महान फिल्म निर्माता स्टीवन स्पीलबर्ग से जुड़ी यह मिस्ट्री-थ्रिलर फिल्म बड़े-बड़े राज, सस्पेंस और हाई-स्टेक टेंशन से भरपूर है, जो अंतरराष्ट्रीय सिनेमा के फैंस के लिए ट्रीट साबित होगी।

## खबर संक्षेप

### विश्व रक्त दाता दिवस पर स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का होगा आयोजन

**जैजैपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा सक्ती अंतर्गत विश्व रक्त दाता दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का आयोजन 14 जून को प्रातः 10 बजे से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर में की गई है। शिविर का उद्देश्य अधिकतम लोगो को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना जिससे रक्त संग्रह को मजबूत कर अपातकालीन स्थिति मे जरुरतमंद को रक्त मुहैया कराया जा सके। सभी से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान करने अपील की गई है।

### गायन प्रतियोगिता का आयोजन 14 को, युवा प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

**अकलतरा।** भारतीय शास्त्रीय संगीत के मर्मज्ञ, सुर साधक और संगीत प्रेमियों के बीच गोरे बाबू के नाम से विख्यात स्वर्गीय हमीद खान की स्मृति में 14 जून को अकलतरा के लिखमानिया धर्मशाला में संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक भव्य कराओके गायन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 10,051 रुपये, द्वितीय 7,051 रुपये, तृतीय 5,051 रुपये, चतुर्थ 2,151 रुपये तथा पंचम पुरस्कार 1,151 रुपये निर्धारित किया गया है। इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार स्वरूप मोमेंटो भी प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। अकलतरा संगीत समिति के अशोक कुमार कैवर्त ने क्षेत्र के सभी संगीत प्रेमियों, कलाकारों एवं नागरिकों से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**जांजगीर-चांपा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सक्ती में प्रवेश सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून की रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया वेबसाइट के माध्यम से पूरी की जाएगी। आईटीआई सक्ती के प्रभारी चन्द्रेश दिव्य ने बताया कि शासकीय आईटीआई सक्ती में फिटर, विद्युतकार, कोपा एवं सिलाई टेक्नोलॉजी व्यवसाय संचालित किए जा रहे हैं। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका का भलीभांति अध्ययन करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रवेश से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी एवं मार्गदर्शन के लिए अभ्यर्थी कार्यालयीन समय में आईटीआई सक्ती से संपर्क कर सकते हैं।

### आकस्मिक मृत्यु के 05 प्रकरणों में 20 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आकस्मिक आपदा मृत्यु के 5 प्रकरणों में 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी है। जिले के तहसील जांजगीर के ग्राम बिरगहनी च निवासी हर्ष मानिकपुरी की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी मां श्रीमती उषा महंत, ग्राम खोखरा निवासी बलदेव प्रसाद सूर्यवंशी की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती उत्तरी बाई सूर्यवंशी, ग्राम पीथमपुर निवासी श्री शंकर लाल साहू की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती रामेश्वरी देवी, तहसील पामगढ़ के ग्राम कोनार निवासी धनीराम निषाद की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती डोमरीन निषाद एवं तहसील शिवरीनारायण के ग्राम कटौत निवासी मनबोध कश्यप की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती तेरस बाई कश्यप को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### गैस उपलब्ध होने के बावजूद उपभोक्ताओं को लौटाने का आरोप, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में की शिकायत



**बिर्रा।** क्षेत्र में गैस उपभोक्ताओं द्वारा लगातार शिकायत की जा रही है कि एजेंसी में पर्याप्त गैस सिलेंडर उपलब्ध होने के बावजूद कई बार ₹गैस नहीं है कहकर उपभोक्ताओं को वापस लौटा दिया जाता है। इससे दूर-दराज़ से आने वाले लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उनका समय व पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। इसी क्रम में उपभोक्ता बसंत कुमार पांडेय ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 9 जून को उनके मोबाइल पर गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए डीएसी नंबर प्राप्त हुआ था। इसके बाद उन्होंने बिर्रा इंडेन गैस ग्रामीण वितरक से संपर्क किया, जहां से उन्हें गैस सिलेंडर लेने के लिए बुलाया गया। शिकायत के अनुसार एजेंसी पहुंचने पर डिलीवरी करने वाले हाकर ने गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने की बात कहकर उन्हें वापस भेजने का प्रयास किया। इसके बाद एजेंसी में मौजूद कर्मचारियों से चर्चा करने पर भी उन्हें यही जवाब मिला कि गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं है। जबकि शिकायतकर्ता का दावा है कि एजेंसी परिसर में उस समय 50 से 60 भरे हुए गैस सिलेंडर मौजूद थे। उनका कहना है कि गैस उपलब्ध होने के बावजूद उपभोक्ताओं को गुमराह करना और शिकायत करने पर दबाव बनाने का प्रयास करना गंभीर विषय है। क्षेत्र के अन्य उपभोक्ताओं का भी कहना है कि इस प्रकार की समस्या समय-समय पर सामने आती रहती है। लोगों ने गैस वितरण व्यवस्था की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने तथा उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने की मांग की है।

2 हजार 470 ने कराया था पंजीयन

# जिले के 9 केन्द्रों में प्री बीएड इंटेंस एग्जाम, 17 सौ अभ्यर्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



केन्द्र में परीक्षा देते अभ्यर्थी।

छतीसगढ व्यवसायायिक परीक्षा मंडल के द्वारा आयोजित प्रीबीएड इंट्रेश एग्जाम को लेकर जिले में 9 केन्द्र बनाए गए थे। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 2 हजार 470 अभ्यर्थियो ने आनलाइन आवेदन जमा किए थे। जिसके तहत 1 हजार 786 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 684 अभ्यर्थी परीक्षा से नदारद रहे। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजकर 15 मिनट तक आयोजित किया गया।

छतीगसढ व्यवयायिक परीक्षा मंडल के द्वारा गुरूवार 11 जून को प्रीबीएड इंट्रेश एग्जाम का आयोजन किया गया। इसके लिए जिले में 9 केन्द्र बनाए गए थे। इस परीक्षा में शामिल होने को लेकर 2 हजार 470 लोगो ने अपना पंजीयन कराया था। जिसके तहत 1 हजार 786 लोग युवा परीक्षा में शामिल हुए वही 684 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। कन्या महाविद्यालय जांजगीर में आयोजित इस परीक्षा में 264 उपस्थित एवं 96 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। कन्या हायरसेकेन्ड्री स्कूल जांजगीर में आयोजित इस परीक्षा मे शामिल होने के लिए 209 उपस्थित एवं 91 युवा परीक्षा में शामिल नही हो सके। कन्या हायरसेकेन्ड्री चाम्पा को भी इस परीक्षा के लिए केन्द्र बनाया गया था। जिसके तहत परीक्षा में 213 अभ्यर्थी इसमें शामिल हुए 87 लोग परीक्षा से नदारद रहे। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम जांजगीर में आयोजित बीएड परीक्षा 213 उपस्थित एवं 87 परीक्षा से नदारद रहे। आत्मानंद स्कूल क्रमांक 2 मे आयोजित परीक्षा में 125 उपस्थित एवं 55 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कन्या हायरसेकेन्ड्री स्कूल खोखरा में आयोजित प्री बीएड परीक्षा में शामिल होने के लिए 234 अभ्यर्थी पहुंचे वही 66 लोग परीक्षा से नदारद रहे। इसी तरह कृषि महाविद्यालय जांजगीर में आयोजित इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 205 लोग उपस्थित एवं 95 लोग परीक्षा से अनुपस्थित रहे। ज्ञानदीप उमा वि जांजगीर में आयोजित इस परीक्षा मे 48 उपस्थित एवं 22 अनुपस्थित रहे।

**बीएससी नर्सिंग परीक्षा से अनुपस्थित रहे 293 अभ्यर्थी** -छतीसगढ व्यवसायिक परीक्षा मंडल के द्वारा गुरूवार 11 जून को बीएससी नर्सिंग इंट्रेश एग्जाम को लेकर परीक्षा का आयोजन जिले के 4 केन्द्रों में किया गया। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 1 हजार 212 अभ्यर्थियो ने आनलाइन आवेदन जमा किए थे। जिसके तहत 919 युवा परीक्षा दिलाने के लिए पहुंचे वही 293 लोग परीक्षा से नदारद रहे।

# पुलिस की अनूठी पहल, ग्राम भड़ेसर में 60 सदस्यीय महिला कमांडो टीम का गठन

## साइबर जागरूकता और नशा मुक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़



पुलिस के साथ उपस्थित महिला कमांडो।

महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पामगढ़ पुलिस ने ग्राम भड़ेसर में विशेष जनजागरूकता अभियान चलाते हुए 60 सदस्यीय महिला कमांडो टीम का गठन किया। इस दौरान ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं को साइबर सुरक्षा, नशा मुक्ति, यातायात नियमों और महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन एवं थाना प्रभारी सावन कुमार सारथी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस टीम ग्राम पंचायत भड़ेसर पहुंची। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और ग्राम स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से महिला कमांडो टीम का गठन किया गया। पुलिस अधिकारियों ने महिला कमांडो टीम की सदस्यों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय, ऑनलाइन ठगी की पहचान, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा डिजिटल सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अपराध की सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन पर भी विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों को हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, सड़क दुर्घटनाओं से बचाव तथा राहगीरों की सहायता के लिए संचालित राहवीर योजना की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यातायात नियमों का पालन कर कई दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। नशा मुक्ति अभियान के तहत युवाओं और ग्रामीणों को शराब तथा अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी गई। पुलिस ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए स्वस्थ और सुरक्षित समाज निर्माण में सभी की सहभागिता पर जोर दिया। महिला सुरक्षा को लेकर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, बाल विवाह, महिला उत्पीड़न और महिला अधिकारों से जुड़े कानूनों की जानकारी भी दी गई। महिलाओं को किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में पुलिस हेल्पलाइन और स्थानीय पुलिस से तत्काल संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।

# सिंहदेव का स्वागत, संगठन पर की चर्चा



वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इब्राहिम मेमन के निवास पर चर्चा करते पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के जांजगीर-चांपा आगमन पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मो. इब्राहिम मेमन के निवास में उनका आत्मीय एवं गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान टीएस सिंहदेव ने मो. इब्राहिम मेमन एवं उनके परिवारजनों से सौहार्दपूर्ण मुलाकात की। इस दौरान जिले की राजनीतिक स्थिति, संगठनात्मक गतिविधियों तथा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट टीएस सिंहदेव का सम्मान किया। पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव जांजगीर चाम्पा जिले के दो दिवसीय प्रवास पर रहे। इस दौरान वे वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के निवास मे पहुंचकर कार्यकर्ताओ से मुलाक़ात की। इसी क्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मो. इब्राहिम मेमन के निवास पहुंचे। यहां उन्होंने श्री मेमन एवं उनके परिवारजनों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आत्मीय भेंट-मुलाक़ात की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह, टिंकू मेमन सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी, रमेश पैगवार पूर्व कार्यकारी अध्यक, नेता प्रतिपक्ष हरीश पाण्डेय, तमीन्द्र देवांगन, ललित देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, पवन साहू, दुर्गा कुर्रे, जिबू आर्या, गिरधर देवांगन, पूर्व पार्षद गुलशन सोनी सहित कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री के निवास स्थान पहुंचे सिंहदेव



जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व उपमुख्यमंत्री टी. एस. सिंहदेव का जांजगीर आगमन वरिष्ठ कांग्रेजनों से भेंट मुलाकात के लिए हुवा,इसी कड़ी में वे कांग्रेस के जिला महामंत्री अजीत राणा के निवास स्थान पहुंचे,उनका स्वागत कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से आतिशबाजी एवम ढोल ताशा से एवम बुके भेंट कर किया गया,टी एस सिंहदेव सभी कांग्रेसजनों से रूबरू हुवे एवम सभी का कुशल क्षेम पूछकर कांग्रेस की संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी लिए। इस अवसर पर उनके साथ अकलतरा के विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह,पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल,जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष श्री रमेश पैगवार,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेद्र प्रताप सिंह, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा राजू शर्मा,शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामबिलास राठौर, ब्लाक कांग्रेस नवागढ़ अध्यक्ष गौरव सिंह,मंडल अध्यक्ष ऋषिकेश उपाध्याय,संतोष गढ़वाल,अनिल राठौर,सलीम सिद्दीकी,अनिल चौरसिया,मुस्कान वर्मा,मनोरमा पाटेकर, वर्षा सिंह,अमन अग्रवाल,कमलेश सिंह, प्रमोद सिंह,गुड्डा आसना,शेषनाथ टंडन, विष्णु यादव, सब्बीर कुरेशी,भोलू यादव,राजा सिद्दीकी,अतीक कुरेशी,गुलशन सोनी,हरीश पांडे,चंद्रकुमार ओग्रे,अक्षत टेकाम, देवराज सिंह,शिवेंद्र सिंह, जगदेश्वरी सूर्यवंशी, रवि सूर्यवंशी,सुभम सिंह,सुमित सिंह, रिशू सिंह,प्रीतम कश्यप, रामशरण कहरा, छत राम कहरा, निरंजन राठौर,पारस राठौर, सनी राठौर,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# रुचि और इच्छा के अनुरुप छात्र-छात्राएं करें कैरियर का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

- विद्या निकेतन स्कूल में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान





बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर छात्रा को लैपटॉप प्रदान करते अतिथि।

विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ एवं ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल पामगढ़ में बुधवार 10 जून को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में पचासी प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 में दुर्गा प्रसाद पाण्डेय मेमोरियल अवार्ड द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी केशव प्रसाद पाण्डेय कन्या शिक्षा योजना के तहत पांच बालिकाओं को कक्षा 9वीं से 12वीं तक की निशुल्क शिक्षा हेतु गोद लिया गया। कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल पामगढ़ से कुमारी प्रज्ञा साहू ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पामगढ़ नगर क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय परिवार की ओर से उनको लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुल 150 विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करके उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जे.के जैन पूर्वकुल सचिव पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय बिलासपुर एवं डॉ चंद्रशेखर खरे वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सुधा पाण्डेय अध्यक्ष मईनका माई शिक्षण समिति पामगढ़ के द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेंद्र कुमार पाण्डेय संचालक विद्या निकेतन एवं ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल पामगढ़ श्रीमती रश्मि पाण्डेय (कोषाध्यक्ष मईनका माई शिक्षण समिति पामगढ़) अनुराग पाण्डेय (सदस्य मईनका माई शिक्षण समिति पामगढ़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए डॉ चंद्रशेखर खरे ने कहा कि मौसमी चक्र को समझना अपने आप में बहुत बड़ी बात होती है क्योंकि यह हमें मौसमी घटनाओं से सुरक्षा प्रदान करती है, अतः मौसम परिवर्तन के संबंध में एक निश्चित अनुपात में जानकारी रखना अति आवश्यक होता है। जे.के. जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी रुचि और अपनी इच्छा के अनुरूप आप सभी अपना कैरियर चुनकर रखें और उसी के अनुसार आगामी शिक्षा को ग्रहण करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदी माध्यम प्राचार्य अशोक कुमार मिरे एवं इंग्लिश माध्यम प्राचार्य दीपक कुमार प्रधान एवं अखिल शुक्ला विभाग प्रमुख ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

## स्वच्छता अभियान कार्यक्रम अंतर्गत सक्ती और डभरा में विशेष सफाई अभियान



साफ सफाई करते अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

**सक्ती।** नगर पालिका परिषद सक्ती द्वारा स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत गुरुवार की सुबह जिला चिकित्सालय परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे से शुरू हुए इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद सक्ती अध्यक्ष श्याम सुन्दर अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ वासु जैन सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं शहरवासी उपस्थित रहे। सभी ने जिला चिकित्सालय परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा नागरिकों से अपने आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखने का आह्वान किया। नगर पंचायत डभरा अंतर्गत अटल परिसर पर स्वच्छता अभियान और स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जन आंदोलन है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। जिला चिकित्सालय परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान के दौरान अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, बालेश्वर राम, के एस पैंकरा, एसडीएम सक्ती सुश्री कावेरी मरकाम, सीएमओ सक्ती सीएमओ प्रहलाद पांडे, रामनरेश यादव ,राम अवतार अग्रवाल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सुनने जुट रही श्रद्धालुओं की भीड़

**मुलमुला।** ग्राम मूलमुला के त्रिमूर्ति चौक के पास पटेल भवन में श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का शुभारंभ सोमवार 8 जून को हुआ। ब्यास पीठाधीश्वर पंडित राम अवतार तिवारी उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करा रहे है। कथा का समापन 15 जून को महा आरती, तुलसी वर्षा, हवन, सहस्त्र धारा एवं महा भंडारा के साथ होगा। मुख्य यजमान के रूप में चेतन पटेल एवं श्रीमती खुशी पटेल कथा श्रवण कर रहे हैं। कथा समय प्रतिदिन सायं 4 बजे से प्रारंभ होकर देर रात्रि 8 बजे तक चल रहा है। आयोजन परिवार ने कथा श्रवण करने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## देखने को मिल रहा भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत वातावरण

# मठ मंदिर में पुरुषोत्तम मास की महिमा का श्रवण करा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण



उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराते त्यागी जी महाराज।

धर्म एवं अध्यात्म की पावन नगरी शिवरीनारायण स्थित स्थानीय मठ मंदिर में अधिकमास (पुरुषोत्तम मास) के शुभ अवसर पर आयोजित धार्मिक कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत वातावरण देखने को मिल रहा है।

मठ मंदिर के पुजारी रामेश्वर दास त्यागी महाराज विगत एक माह से अधिक समय से श्रद्धालुओं को पुरुषोत्तम मास की महिमा का श्रवण करा रहे हैं। कथा के माध्यम से वे अधिकमास के धार्मिक महत्व, दान-पुण्य, जप-तप, व्रत एवं सत्कर्मों के फल तथा सनातन धर्म की गौरवशाली परंपराओं का सरल एवं प्रेरणादायी वर्णन कर रहे हैं। उनके प्रवचनों से श्रद्धालु न केवल आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि अपने जीवन में धार्मिक एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए भी प्रेरित हो रहे हैं। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु अत्यंत श्रद्धा एवं भक्ति भाव से भगवान की आराधना कर रहे हैं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न की गई तथा परिवार, समाज, प्रदेश एवं राष्ट्र की सुख-शांति, समृद्धि और कल्याण की मंगलकामना की गई। मंदिर परिसर में गूंजते भगवान के जयकारे, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया है। कथा स्थल पर महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठजनों की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिल रही है, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई है।मठ मंदिर प्रबंधन एवं आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिकमास के इस पुण्य अवसर पर कथा श्रवण, पूजा-अर्चना एवं धर्म-कर्म में सहभागिता कर आध्यात्मिक एवं पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## भुगतान करने के एवज में राशि की मांग दो को नोटिस, एक की सेवा समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

राशि भुगतान करने के एवज में पैसे की मांग करने के मामले में दो कर्मचारियो को नोटिस दिया गया है। वहीं एक कर्मचारी की सेवा समाप्त कर दी गई है। उक्त कार्यवाही जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड शिक्षा कार्यालय पामगढ में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 बाबूलाल पूर्वेण के द्वारा शिक्षकों के सेवानिवृत होने के दौरान उनसे स्वत्वो के भुगतान निकालने के एवज में राशि की मांग की गई थी। राशि नहीं देने पर सेवा निवृत होने वाले शिक्षकों को परेशान किया जाता था। इस मामले में सहायक ग्रेड 3 को नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार पामगढ विकासखंड शिक्षा कार्यालय में ही पदस्थ सहायक ग्रेड 2 पुरूषोत्तम यादव के द्वारा भी शिक्षको के सेवा निवृत होने के दौरान उनके स्वत्वो के भुगतान पीपीओ जारी करने के एवज में राशि की मांग करने के मामले मे सहायक ग्रेड 2 को डीईओ ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। एक अन्य मामले में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल नवागढ में पदस्थ संविदा व्यायाम शिक्षक नलसाय दिवाकर के द्वारा ग्राम पंचायत पचरी में प्रधान मंत्री आवास योजना एवं पशुशेड निर्माण कार्य को लेकर राशि की मांग की गई थी। इस मामले को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा संविदा व्यायाम शिक्षक से जवाब मांगा गया था। वही किसी तरह का संतोष जनक जवाब नही मिल पाने की स्थिती में संविदा शिक्षक की सेवा समाप्त कर दी गई है।